




# वाहन चालक द्वारा आत्मदाह का प्रयास

## जिला कलेक्ट्रेट पर जनसुनवाई में पहुंचे चालक को काम न दिए जाने को लेकर उठाया कदम

नवभारत न्यूज

**सागर 9 सितंबर. जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की जाती है जिसमें जिले के लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जाता है.**

इसी बीच 108 एम्बुलेंस का चालक अचानक जनसुनवाई में पहुंचा और अपने ऊपर मिट्टी के तेल डालकर आग लगाने की कोशिश की जाने लगी घटना को देखते हुए मौजूद पुलिस कर्मियों के द्वारा ड्राइवर 108 एंबुलेंस को रोका गया और उसको सुरक्षित किया गया. घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर संदीप जी.आर के द्वारा अपर कलेक्टर अविनाश रावत को निर्देशित किया गया कि तीन दिवस के अंदर उच्च स्तर की जांच करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें एवं आवश्यक कार्रवाई करें. अपर कलेक्टर श्री रावत ने बताया कि जांच समिति का गठन किया गया है जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ममता तिमोरी, 108 एंबुलेंस की जोनल मैनेजर अरुण चौधरी, जिला प्रभारी रविंद्र खरे की टीम जांच करेगी एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी.

वाहन चालक को पुलिस ने पकड़ लिया और उससे पूछताछ की तो उसने कहा कि वह सालभर से परेशान है और अपनी समस्या को लेकर चक्कर ही काट रहा है. आज वह अपने परिवार के साथ कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचा और बाहर ही कपड़े पर केरोसिन/पेट्रोल डाल लिया.

जनसुनवाई में आज 178 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए. इस अवसर पर एडीएम अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा, अमन मिश्रा, एसडीएम आदिती यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे.

### हितग्राहियों के बैंक खातों की जांच होगी

**सागर.** गर्भवती माताओं को प्रसव के दिन ही जननी सुरक्षा समेत अन्य कल्याणीकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने विगत दिवस महिलाओं के बैंक खातों, ई केवायसी, बैंक से आधार लिंक समेत अन्य जरूरी कागजी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए थे. कलेक्टर के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में केसली में आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन किया जा रहा है. जिसमें 947 गर्भवती महिलाओं के बैंक खातों की जांच की गई एवं सुनिश्चित किया गया कि गर्भवती महिलाओं का फीड किया हुआ बैंक खाता एक्टिव हो. शेष बची हुई गर्भवती महिलाओं के बैंक खातों की जांच प्रकिया सर्वे के माध्यम से लगातार जारी है.

### नाट्य समारोह 13 से

**सागर.** अन्वेषण थिएटर ग्रुप सागर का पांच दिवसीय नाट्य समारोह पाँच रंग अन्वेषण के संग 13 सितंबर शनिवार से रवींद्र भवन में आरंभ होगा. पांचों दिनों के नाटकों में प्रवेश निशुल्क रहेगा. अन्वेषण के अध्यक्ष रवीन्द्र दुबे एवं सचिव डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि नाट्य समारोह में प्रतिदिन शाम सात बजे से होने वाले नाटकों में चार नाटक अन्य शहरों की नाट्य संस्थाओं द्वारा जबकि एक नाटक आयोजक संस्था अन्वेषण द्वारा खेला जाएगा. इसके तहत छतरपुर, भोपाल, कटनी एवं टीकमगढ़ के नाट्य दलों को आमंत्रित किया गया है. समारोह में 16 तारीख़ को दी जाने वाली अपनी प्रस्तुति ताम्रपत्र के लिए अन्वेषण के कलाकार जोरों से तैयारी कर रहे हैं. एक तरफ जहां मंच के कलाकार पिछले एक महीने से मयंक विश्वकर्मा के निर्देशन एवं मधुसूदन पांडेय के सह-निर्देशन में कई-कई घंटे रिहर्सल में व्यस्त हैं तो वहीं मंच परे के कलाकार नाटक के प्रबंधन में व्यस्त हैं.

# निवाड़ी-टीकमगढ़ में नहीं खुले जन औषधि केंद्र

## सहकारी समितियों के माध्यम से एलपीजी गैस वितरित कराने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रोत्साहित करें



नवभारत न्यूज

**सागर 9 सितंबर. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में जन औषधी केन्द्र प्राथमिकता के साथ प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं.**

कमिश्नर ने कहा कि टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में जन औषधी केन्द्र प्रारंभ करने में काफी विलंब हो चुका है. उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में जन औषधी केन्द्र शीघ्र प्रारंभ हो जाना चाहिए. कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग के दूर दराज के क्षेत्रों में सहकारी समितियों के माध्यम से एलपीजी गैस वितरण कराने के लिए सहकारी समितियों को प्रोत्साहित करें. कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि सागर संभाग में सहकारी समितियों द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेण्टरों को और अधिक बेहतर बनाएं तथा कॉमन सर्विस सेण्टरों के माध्यम से ग्रामीणों को और किसानों को समुचित सेवाएं मुहैया कराएं. कमिश्नर सागर संभाग श्री सुचारी सहकारिता विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे. कमिश्नर ने किसान क्रेडिट कार्ड वितरण के कार्य की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा सागर संभाग के सभी जिलों में किसान क्रेडिट कार्ड वितरण योजना के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप किसानों को काफी कम संख्या में किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए हैं. कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी जिलों में किसान क्रेडिट कार्ड वितरण का शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल करें. सहकारी समितियों और दुग्ध समितियों के सहकारी बैंकों में खाते खुलवाने की स्थिति की समीक्षा की गई.

### एक नजर में




#### महिलाओं ने निकाली नशा मुक्ति रैली

**राहतगढ़.** ग्राम हरवंशपुरा की महिलाओं और ग्रामीणों ने नशा मुक्ति रैली निकालकर एसडीओपी योगेंद्रसिंह एवं नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर ग्राम को नशा से मुक्त रखने की बात कही. हरवंशपुरा निवासी गब्बरसिंह ठाकुर ने बताया कि ग्राम के जानकी रमण मंदिर परिसर में बैठक हुई. जिसमें निगरानी समिति गठित हुई. ग्राम में शराब, गांजा, मांस मदिरा आदि अवैध कार्य बंद करने का निर्णय लिया गया. साथ ही ग्रामीणों के पंचनामा में शराब का सेवन कर उत्पात मचाने, गाली गलौज करने पर 51 सौ रुपए, शराब बेचने पर 21 हजार एवं गांजा बेचने पर 11 हजार का दंड लगेगा. जुर्माना ना भरने पर बस्ती से पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा. आर्थिक दंड से एकत्रित धनराशि नशा मुक्ति समिति में जमा होगी.



#### नवगठित कार्यसमिति का प्रथम सम्मेलन

**रहली.** जैन धर्मशाला में जैन पंचायत सभा पटनागंज ट्रस्ट समिति एवं गौशाला समिति की बैठक संपन्न हुई. जिसमें मनोज जैन को सर्व सहमति से दयोदय गौशाला समिति का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया गया वर्तमान अध्यक्ष सिंघी भाग चंद्र जैन ने प्रभार सौंपा. बैठक में गौशाला से 13 सितंबर को क्षमा वाणी बनाने का भी निर्णय लिया गया. विराजमान निर्यापक श्रमण मुनिश्री अभय सागर महाराज के ससंघ सानिध्य मे 13 सितंबर को क्षमावाणी अवसर पर नव गठित कार्यसमिति का प्रथम सम्मेलन भी संपन्न होगा.



#### लोक अदालत प्रचार-प्रसार रथ रवाना

**बीना.** तहसील न्यायालय बीना में अध्यक्ष एवं अपर जिला न्यायाधीश बीना संजय कुमार जैन द्वारा लोक अदालत रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. इस मौके पर देवेन्द्र कुमार प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, मीनाक्षी शर्मा एवं शरद जोशी, मदुल जैन, सलोनी जैन, तथा अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार जैन, सचिव राहुल माथुर,उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुर्मी सहसचिव सूरज सिंह,पूर्व अध्यक्ष के.के. ताम्रकार, सजाद खान, हेमंत लोधी, शुभम कुर्मी, वीरेन्द्र प्रजापति उपस्थित रहे.



#### पर्यावरण संरक्षण पर परिचर्चा का आयोजन

**सागर.** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा वसुधा क्लब के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा कि जल ही जीवन है और पर्यावरण संरक्षण में जल संरक्षण की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है. मुख्य अतिथि ग्रीन आर्मी ब्लू विंग रायपुर की चेयरपर्सन डॉ. भारती श्रीवास्तव ने छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने और मृदा एवं जल प्रदूषण को कम करने के उपाय अपनाने हेतु प्रेरित किया. विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि माथुर ने कहा कि युवाओं में अपार संभावनाएं हैं और यदि वे अपनी शक्ति का सदुपयोग करें तो समाज एवं राष्ट्र में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं. डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव ने छात्राओं को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में डॉ. कीर्ति राजोरिया, प्रियंका, नाज़नीन, लीलावती आदि ने सक्रिय रूप से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया.

# सुनार नदी से युवक का शव मिला

नवभारत न्यूज

**सागर 9 सितंबर. जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुनार नदी के बड़े पुल से गिरे युवक का शव आज दूसरे दिन बरामद कर लिया गया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच मे ले लिया है.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार देर शाम बाछलौन निवासी राजेश पिता दामोदर कुशवाहा उम्र 17 वर्ष 4 माह मोटर साइकिल से घर से निकला था जो कि चनौआ हायर सेकेंडरी स्कूल मे कक्षा 11 वी मे अध्ययनरत था. सुनार नदी के बड़े पुल पर ही उसकी मोटर साइकिल चाबी लगी मिली. जैसे ही नदी मे युवक के गिरने की आवाज सुनाई दी तो प्रत्यक्षदर्शियो ने पुलिस को सूचना दी. मगर रात के अंधेरे के कारण नदी मे गिरे युवक राजेश का पता नही लगाया जा सका.

पुलिस ने मंगलवार की सुबह पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने सर्चिंग शुरू की और कुछ ही दूरी से युवक का शव बरामद कर लिया. परिजनो की मौजूदगी मे पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनो को सौंप दिया गया.



**शहर हृदय स्थल दुकानों को व्यवस्थित कराया जा रहा**

**सागर. नगर निगम-पुलिस विभाग के द्वारा कार्रवाही करते हुए कटरा जामा मजिस्द के चारों तरफ दुकानदारों और वाहन चालकों को पीली पट्टी के अंदर ही सीमित रहने के लिए समझाइश दी जा रही है. नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चालानी और जब्ती की कार्रवाई भी की गई है.**

### मुआवजा का भुगतान

**सागर.** बंडा सिंचाई परियोजना के प्रभावितों को उनके सभी अनुदान/मुआवजा राशि प्रदान करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है. बंडा तहसील के ग्राम बहरोल के कुल 279 भू-धारकों के बैंक खातों में 20 करोड़, 64 लाख 19 हजार 488 रुपए की मुआवजा राशि हस्तांतरित की जा रही है.

**सागर मौसम**

अधिकतम 31 .4 (+1)
न्यूनतम 21 .5 (-1)
आर्द्रता : सुबह/शाम : 95/91
कुल बारिश : 961 .4 मि .मी .

# सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर बैठक



नवभारत न्यूज

**सागर 9 सितंबर. भारतीय जनता पार्टी सागर ग्रामीण की जिला स्तरीय कार्यशाला जिला अध्यक्ष रानी कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई.**

बैठक में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान के संचालन के लिए भाजपा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष जाहर सिंह ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है.उन्होंने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी. बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह ने अभियान को सफल बनाने के लिए उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया. बैठक में राजाराम कुशवाहा, मितेंद्र मोनू चौहान, उमा कृष्ण खटीक, राजेंद्र तिवारी, अनिल ढिमोले, लक्ष्मण सिंह लोधी, उषा उमेश श्रीवास्तव, दौलत यादव, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, विवेक मिश्रा, अभिजीत सिंह राजपूत, कस्तूरी गोविंद कुर्मी, अमित नायक, सविता रोहित, आकांक्षा जैन मौजूद रहे.

### सम्मान समारोह

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. महेंद्र कुमार को सोशल डेवलपमेंट फेडरेशन आगरा के तत्वाधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में बेस्ट एलआईएस टीचर अवॉर्ड 2025 प्रदान किया गया. इस कार्यक्रम में उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया. वर्ष 2025 से प्रारंभ हुआ यह पहला सम्मान डॉ. महेंद्र कुमार को प्राप्त हुआ . यह अवॉर्ड प्रो. सोनल सिंह पूर्व संकायाध्यक्ष, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के नाम प्रारंभ किया गया है .

# कार चालक ने स्कूल से लौट रहे दो छात्रों को मारी टक्कर

नवभारत न्यूज

**सागर 9 सितंबर. नरयावली थाना की पुलिस चौकी जरूवाखेड़ा अतंर्गत बीसमील तिराहे पर एक कार ने स्क्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रहे दो छात्रों को पीछे से टक्कर मार दी जिसमें दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए.**

मिली जानकारी के अनुसार सागर-बीना रोड पर बीसमील तिराहे के पास इंडिगो कार क्रमांक एमपी 15 सीए 6084 ने साइकिल सवार दो छात्रों को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई जिसे लोगों ने तत्काल एक दूसरों से संपर्क कर कार एंव चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया. लोगों के बताएं अनुसार कार चालक सौरभ यादव खुरई निवासी अत्यधिक शराब के नशे में था, जिसे कोई होश नहीं था और उसने पुलिस के वाहन में उल्टियां तक कर दी, जिसने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जरुवाखेड़ा दसवी के छात्र कृष्णा विश्वकर्मा पाली और निशांत यादव तोडा जो साइकिल से अपने घर जा रहे थे जिन्हें पीछे से टक्कर मार दी जिसमें हालत गंभीर है.




# ढाई करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया

नवभारत न्यूज

**सागर 9 सितंबर. जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने ग्राम महुआखेड़ा, केवलारी और बक्सवाहा का दौरा कर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा स्वीकृत किए गए 2.5 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया.**

इस दौरान श्री राजपूत ने ग्रामीणों से जनसंपर्क कर समस्याओं को सुना. श्री राजपूत ने ग्रामीणों की आवागमन की सुविधा के लिए महुआखेड़ा से जुझारपुरा तक पक्की सीसी सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 60 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की. इस अवसर पर रमेश चढ़ार, राजा जितेंद्र सिंह, संतोष पटेल,गौरव गर्ग, इंद्राज सिंह, मीना रामेश्वर चढ़ार, सुरेंद्र सिंह मौजूद थे.

### वंदना को मिला पुरस्कार

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के अपराध शास्त्र



एवं न्यायिक विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. वंदना विनायक को राष्ट्रीय विधि विज्ञान सम्मान समारोह में श्रेष्ठ महिला वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया . उनको यह पुरस्कार विधि विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और समर्पण के लिए तथा नवाचार, अनुसन्धान और व्यावसायिक उत्कृष्टता की भावना को प्रदर्शित करने तथा उनके उल्लेखनीय प्रयासों दृढ़ता और ज्ञान एवं सभ्यता की उन्नति के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय की योजना के तहत थिंक साक्ष्य संस्था की ओर से प्रदान किया गया है.

# संभाग के कृषि उपसंचालकों को नोटिस

## खाद बीज गुण नियंत्रण के लिए कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सागर 9 सितंबर. संभागायुक्त अनिल सुचारी ने सागर संभाग में अमानक स्तर के बीज खाद एवं कीटनाशक बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश सागर संभाग के सभी कृषि विभाग के उपसंचालकों को दिए हैं.**

कमिश्नर ने सागर संभाग के कृषि विभाग के सभी उपसंचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अमानक स्तर के खाद बीज और कीटनाशक बेचने वाले फर्मों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें. उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सागर संभाग में किसी भी स्थिति में अमानक स्तर का खाद बीज और कीटनाशकों का विक्रय नहीं होना चाहिए. कमिश्नर ने कहा कि अगर कोई फर्म अमानक स्तर का खाद बीज और कीटनाशक विक्रय करता हुआ पाया जाता है तों ऐंसे फर्मों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए. कमिश्नर ने सागर संभाग में खाद, बीजों और कीटनाशकों के गुण नियंत्रण हेतु निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अपेक्षित कार्यवाही नहीं होने के कारण सागर संभाग के सभी कृषि विभाग के उपसंचालकों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश संयुक्त संचालक कृषि को दिए हैं. कमिश्नर ने निर्देश कृषि विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए.

> बैठक में कमिश्नर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सागर संभाग में पराली जलाने से होने वाले हानियों के प्रति किसानों को जागरुक करें तथा पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सतत प्रयास करें. कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में आधुनिक कृषि यंत्रों हैप्पी सीडर, सुपर सीडर के संबंध में कियानों को जानकारी होना चाहिए. उन्होंने कहा कि हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे कृषि यंत्रों का किसानों के बीच में प्रदर्शन कराएं और उनका उपयोग करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित भी करें. बैठक में कमिश्नर ने कहा कि स्वाईल हेल्थ कार्ड योजना का शतप्रतिशत लक्ष्य सभी जिलों में पूर्ण कराएं. बैठक में कमिश्नर द्वारा सागर संभाग की मंडी समितियों की स्थिति की भी समीक्षा की गई.

# फिजियोथेरेपी एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



नवभारत न्यूज

**सागर 9 सितंबर. विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अस्पताल में निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर आयोजित शिविर की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. आर. एस. जयंत ने की. शिविर में विशेष रूप से वृद्धजनों सहित अनेक नागरिकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, जांच, उपचार एवं परामर्श का लाभ प्राप्त किया. शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सेवाएं प्रदान की गई जिनमें डॉ. विनयदीप बुदौलिया, डॉ. डी. वाय. कृपा दीदीप्या, डॉ. अंकिता सिंह शामिल थे. विशेषज्ञों ने अनेक मरीजों को उनकी जरूरत के अनुसार उपयुक्त परामर्श एवं उपचार निःशुल्क प्रदान किया. डॉ. फिरदोस परवीन एवं डॉ. प्रियंका नामदेव द्वारा वृद्धजनों एवं विभिन्न आयु वर्ग के नागरिकों को फिजियोथेरेपी की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में जानकारी दी गई.

### लोक अदालत 13 को

**सागर.** जिला न्यायालय परिवार न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर शनिवार को किया जायेगा. उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में, आपराधिक शमनीय प्रकरण पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण बैंक/मनी रिकवरी संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण श्रम एवं रोजगार विवाद प्रकरण विद्युत एवं जल कर/बिल संबंधी, वैवाहिक प्रकरण, दीवानी इत्यादि मामलों को लोक अदालत के माध्यम से रखा जायेगा.

# शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित



नवभारत न्यूज

**सागर 9 सितंबर. दिगम्बर जैन महिलाश्रम विद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.**

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्रीमती सुधा जैन, डा, अलका जैन, श्रीमती ऊषा सतभैया, श्रीमती निधि जैन रही.

महिलाश्रम समिति के कैलाश सिंघई, मुन्नालाल जैन, सुभाष चौधरी, संतोष जैन, अरूण सिंघई, दिलीप रांधेलीय, संतोष रांधेलिया, सुबोध जैन, देवेन्द्र लुहारी, राकेश जैन ने सहभागिता दी. समारोह में स्कूल की बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई.